केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
एकलव्य परिसर
अगरतला

सूचना संख्या-2026/ 229 **दिनांक : 05/11/2026**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, मुख्यालय, नई दिल्ली, परीक्षा अनुभाग के अधिसूचना संख्या 552, दिनांक 04.11.2026 के अनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, अगरतला के शैक्षणिक सत्र 2026–27 के प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आगामी सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु समर्थ पोर्टल (Samarth Portal) के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन-पत्र भरना एवं परीक्षा शुल्क अनुलग्नक-1 के अनुसार पूर्ण करना अनिवार्य है।

1. परीक्षा आवेदन दिनांक 09 नवम्बर 2026 से 15 नवम्बर 2026 तक सामान्य शुल्क के साथ तथा 16 नवम्बर 2026 से 20 नवम्बर 2026 तक विलम्ब शुल्क सहित पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
2. जिन छात्र-छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण है, ऐसे छात्र-छात्राएँ पुनः परीक्षा (Re-appear) एवं श्रेणी सुधार (Improvement) हेतु आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही करेंगे।
3. निर्धारित तिथि के उपरान्त, निदेशक/प्राचार्य की संस्तुति तथा परीक्षा नियंत्रक की स्वीकृति के आधार पर दिनांक 21 नवम्बर 2026 से 23 नवम्बर 2026 तक आवेदन स्वीकार किए जाएँगे। इस अवधि में आवेदन करने पर निर्धारित शुल्क एवं विलम्ब शुल्क के अतिरिक्त ₹50.00 प्रतिदिन अतिरिक्त शुल्क देय होगा।
4. विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए एबीसी (ABC)/अपार (APAAR) आईडी बनाना तथा उसे समर्थ पोर्टल पर लिंक करना अनिवार्य है।
5. सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु आवेदन केवल वही छात्र-छात्राएँ करें, जो विश्वविद्यालय के नियमों एवं विनियमों के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अर्ह हों।
6. अर्हता का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपस्थिति संबंधी आवश्यकताओं तथा अन्य निर्धारित मानदण्डों के आधार पर कड़ाई से किया जाएगा।
7. जो छात्र-छात्राएँ निर्धारित अर्हता शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं, वे परीक्षा आवेदन-पत्र प्रस्तुत न करें।
8. अयोग्य छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कोई भी आवेदन बिना किसी अतिरिक्त विचार के निरस्त कर दिया जाएगा तथा परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।
9. सभी छात्र-छात्राओं को सलाह दी जाती है कि आवेदन-पत्र पूर्ण करने से पूर्व अपनी अर्हता की पुष्टि संबंधित विभाग/कार्यालय से अवश्य कर लें।
10. यह असुविधा से बचने तथा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु जारी की जाती है।
11. उपरोक्त संदर्भ में अन्य जानकारी हेतु संबंधित परिसर/महाविद्यालय/संस्था से संपर्क किया जा सकता है।

अतः समस्त संबंधित छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर परीक्षा आवेदन-पत्र भरकर आवश्यक शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक : अनुलग्नक-1

इस संबंध में यदि किसी विद्यार्थी को कोई समस्या हो, तो वे तकनीकी सहायक (Technical Assistant), के. सं. वि., एकलव्य परिसर से संपर्क करें।

05/11/2026

(प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी)
निदेशक

निदेशक / Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय / Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला / Ekalavya Campus, Agartala

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

1. सभी संबंधित विद्यार्थियों, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला
2. सभी प्राध्यापकगण, के. सं. वि., एकलव्य परिसर, अगरतला
3. समन्वयक, आईक्यूएसी, के. सं. वि., एकलव्य परिसर।
4. अनुभाग अधिकारी (प्रशासन/ लेखा) , के. सं. वि, एकलव्य परिसर
5. तकनीकी सहायक, के. सं. वि., एकलव्य परिसर - वेबसाईट पर सूचना अपलोड करने हेतु।
6. शैक्षणिक अनुभाग , के. सं. वि, एकलव्य परिसर
7. सूचना पट्ट।
8. सूचना फाइल।
9. सम्बन्धित संचिका।